दिनांकः 06.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज ब्राज़ील के रियो डी जेनेरियो पहुंचें एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे कई प्रमुख क्षेत्रों में भारत और ब्राज़ील के बीच कार्यनीतिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए राष्ट्रपति लुईज़ इनाशियो लुला डी सिल्वा के साथ वार्ता को लेकर उत्सुक हैं प्रधानमंत्री आज शाम ब्रिक्स की कार्यसूची पर चर्चा करेंगे और द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेंगें वहीं केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल ब्राज़ील के रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों के साथ बैठकें कीं इस दौरान कार्यनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गईं

.........................................................

केन्द्र सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग और भारतीय मानक ब्यूरो ने देशभर के उपभोक्ताओं से केवल बीआईएस–प्रमाणित हेलमेट का ही उपयोग करने की अपील की हैं विभाग ने बीआईएस प्रमाणन के बिना हेलमेट के निर्माण और बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी आह्वान किया हैं विभाग ने कहा कि भारतीय सड़कों पर 21 करोड़ से अधिक दोपहिया वाहन हैं ऐसे में चालकों की सुरक्षा काफी महत्वपूर्ण हैं सड़क सुरक्षा बढाने और उपभोक्ताओं को घटिया हेलमेट से बचाने के लिए बीआईएस ने पिछले वित्तीय वर्ष में 30 से अधिक तलाशी और जब्ती अभियान चलाएं

.........................................................

पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब के नवासे हज़रत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में आज मुहर्रम मनाया जा रहा हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हज़रत इमाम हुसैन ने विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य पर अडिग रहने की प्रेरणा दीं इस अवसर पर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर शाम को ताज़ियों का जुलूस निकाला जाएगां राजधानी जयपुर में भी लगभग 300 छोटे–बड़े ताजिये निकाले जाएंगें इसमें सोने और चांदी से बने ताजिये विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगें इन ताज़ियों को शाम को करबला में सुपुर्द ए खाक किया जाएगां इस मौके पर पुलिस प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष पुलिस दल तैनात किये हैं संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन के जरिए निगरानी भी रखी जा रही हैं जुलूस को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया हैं पुलिस ने लोगों से सौहार्द के साथ इस दिन को मनाने की अपील की हैं

.........................................................

प्रदेश में बारिश का सिलसिला बना हुआ हैं पिछले 24 घंटों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की से भारी वर्षा दर्ज की गईं मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 21 सेंटीमीटर पानी सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाड़ा में बरसां उदयपुर के गिरवा और श्रीगंगानगर के सूरतगढ में 9–9, चूरू के सुजानगढ़ में 7, सिरोही के पिंडवाड़ा में 6 और सीकर के श्रीमाधोपुर में 5 सेंटीमीटर बारिश हुईं
इस बीच, आज राज्य के 29 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया हैं जयपुर, अजमेर और कोटा संभाग के कुछ भागों में भारी से बहुत भारी बरसात की संभावना हैं उदयपुर, भरतपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में भी कहीं–कहीं मध्यम से तेज बरसात हो सकती हैं भरतपुर और जयपुर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में अगले 2–3 दिन मध्यम से तेज तथा कहीं–कहीं भारी बारिश का पूर्वानुमान हैं

.........................................................

आज विश्व ज़ूनोटिक रोग रोकथाम दिवस हैं इसका उद्देश्य जानवरों से मनुष्यों में होने वाली बीमारियों के बारे में लोगों को जागरुक करना हैं भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के शोध ने सुझाव दिया है कि वर्ष 2030 तक कुत्तों से होने वाले रेबीज को खत्म करने के लिए कार्रवाई को तेज़ करना होगां परिषद ने कहा है कि भारत में हर साल रेबीज से करीब पांच हजार सात सौ लोगों की मृत्यु होती हैं वहीं देश में जानवरों के काटने की लगभग 91 लाख से अधिक घटनाएं होती हैं

.........................................................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर आज देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं अपने सोशल मीडिया संदेश में भगवान विट्ठल से समाज में सुख समृद्धि की कामना की हैं मुख्यमंत्री भजनलाल

शर्मा ने देवशयनी एकादशी पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए भगवान विष्णु से सभी के कल्याण की प्रार्थना की हैं

.........................................................

कश्मीर घाटी में अमरनाथ यात्रा के लिए आज सुबह सात हजार दो सौ आठ तीर्थयात्रियों का पांचवा जत्था रवाना हुआं जम्मू में भगवती नगर यात्री–निवास आधार–शिविर से रवाना हुए इस जत्थे में 5 हजार 258 पुरुष, 1 हजार 587 महिलाएं, 30 बच्चे, 333 साधु संत शामिल हैं

.........................................................